वार्षिक एनएसएस समारोह • आईजीयू ने पहली बार घोषित किए पुरस्कार

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पिंकी व 4 स्वयंसेवकों को मिला विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में वार्षिक एनएसएस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर पहली बार विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस अवार्ड घोषित किए गए। कुलपति प्रो. जेपी यादव व कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार के दिशानिर्देश पर पहली बार एक कार्यक्रम अधिकारी और 4 स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड दिए गए। जिसके तहत आरडीएस पीजी कॉलेज की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पिंकी शर्मा को समाजसेवा के उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया। इसी कड़ी में बैजनाथ राजकीय महाविद्यालय की स्वयंसेविका दीपिका, राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के स्वयंसेवक निखिल कुमार और कैंपस वाणिज्य विभाग के स्वयंसेवक योगेश और कोमल सैनी को 2100 रुपए पुरस्कार राशि के साथ स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. करण सिंह ने एनएसएस की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कुलपति प्रो. यादव ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के कर्त्तव्य के बारे में बताया और सभी को समाज सेवा के कार्य में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर ज्योति, मोनिका, रविंद्र, रिजुल, हितेश, जिया, गोविंद, प्रीति, केशव, प्रकाश ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व एनएसएस स्वयंसेवक सागर यादव, योगेश कुमार, उमेश, परवीन, कोमल, रजत, अंकित यादव, ललित वर्मा, निधि, ज्योति, प्रियंका यादव, अंकित यादव, ललित वर्मा, बलकेश को कुलपति प्रो. जेपी यादव द्वारा सम्मानित किया गया। साथ में हेल्प डेस्क के साथ स्थापना दिवस पर कार्य करने वाले स्वयंसेवक विशेष, हितेश, प्रकाश, झालसिंह, ज्योति, सीमा, ऋतु, मीनाक्षी, प्रीति, चमन, हितेश, नितिन, विशाखा, मीना, मुस्कान, रुचि, अक्षय, कुलदीप, रीजूल गुप्ता, गुरुदेव, महिमा, कोमल सैनी, मीनाक्षी, भावना, दीपा, सोनिया, गोविंद, भारती को भी कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया।